**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**दुर्गुणों का वर्जन और सद्गुणों का अर्जन व्यक्ति को विकास की ओर ले जाने वाला होता है।**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 21.0 | 7.0 |
| बीकानेर | 21.0 | 6.0 |
| जयपुर | 21.0 | 8.0 |

E- Paper NEXT 0014

newsexcellenttoday.com | 25 दिसंबर 2024, बुधवार | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष एकादशी - 2081


## तेयुप द्वारा मुद्रित नववर्ष कैलेंडर का हुआ विमोचन



**NEXT।** तेरापंथ युवक परिषद श्रीडूंगरगढ़ के द्वारा मुद्रित वर्ष 2025 के कैलेंडर का सेवा केंद्र व्यवस्थापिका शासनश्री साध्वी कुंथुश्री और साध्वी संघप्रभा के सान्निध्य में विमोचन किया गया।

तेरापंथ कैलेंडर के संयोजक दीपक छाजेड़ ने बताया कि तेरापंथ युवक परिषद गत 7 वर्षों से लगातार तेरापंथ कैलेंडर मुद्रित कर रहा है और सभी तेरापंथी परिवारों में इसका वितरण किया जाता है।

तेरापंथ कैलेंडर विमोचन के दौरान तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष मनीष नौलखा, उपाध्यक्ष मुकेश बोथरा, दीपक छाजेड़, मंत्री अमित बोथरा, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पुगलिया, संगठन मंत्री रौनक पारख, कोषाध्यक्ष ऋषभ बैद, सदस्य प्रदीप बरमेचा उपस्थित रहे।

## विश्नोई महासभा का अल्टीमेटम: कार्रवाई नहीं तो बीकानेर बंद

**NEXT।** बीकानेर जिले में सोलर कंपनियों द्वारा खेजड़ी वृक्षों की कटाई के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बिश्नोई समाज द्वारा धरने, प्रदर्शन और मुख्यमंत्री से आश्वासन के बावजूद कार्रवाई न होने से आक्रोश बढ़ गया है। 21 दिसंबर को जयमलसर गांव में 172 खेजड़ी वृक्षों की कटाई का मामला सामने आने पर स्थिति और गंभीर हो गई है और बिश्नोई समाज द्वारा 26 दिसम्बर को बीकानेर बन्द की बात कही गई है।

26 दिसंबर तक कार्रवाई की मांग: अगर कार्रवाई नहीं हुई तो बीकानेर बंद का आह्वान। 30 दिसंबर: मुकाम में महासभा की बैठक कर आगे की रणनीति तय होगी। रासीसर महापड़ाव की तैयारी: गांव-गांव अभियान चलाकर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन। विधानसभा का घेराव: खेजड़ी संरक्षण के लिए कानून बनाने की मांग।

**विश्नोई समाज की मांगें:**

खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिए कानून बनाया जाए। खेजड़ी वृक्ष काटने वालों पर FIR दर्ज हो और गिरफ्तारी की जाए। सोलर कंपनियों को पाबंद किया जाए ताकि वे खेजड़ी वृक्षों को नुकसान न पहुंचाएं।

सुनील, मनोज विश्नोई, रामगोपाल, यशपाल फौजी, कृष्णा गोदारा, बुधराम, सज्जन बेनीवाल, श्याम खीचड़, हनुमान बेनीवाल, विजयपाल, हड़मानाराम, शंकर चौधरी, नर्सिंग भाटी, शिवदान मेघवाल, ओमप्रकाश, रामप्रताप वर्मा, लालचंद, अशोक, रामेश्वर, सहीराम पूनिया, मनीष सोलंकी, हंसराज धायल, मुरली गोदारा, सत्यनारायण कुलड़िया, अर्जुन डेलू, रामनिवास सियाग, हरिराम धायल सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## अब स्कूल बनेगी प्लास्टिक फ्री जोन, आदेश जारी

**NEXT।** अब प्रदेश की सभी स्कूलों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक में पैकिंग का सामान नहीं बिक पायेगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के 200मीटर दायरे को भी सिंगल प्लास्टिक फ्री जोन बनाने का प्रयास किया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्यभर की कई स्कूलों में कैंटीन संचालित होती है। वहां पर चिप्स, बिस्किट, भुजिया, चॉकलेट आदि मिलती है। स्टूडेंट्स इनका उपयोग करके कचरा आसपास ही फेंक देते हैं।

विभाग ने स्कूल के साथ ऑफिस में भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक वाले उत्पादों के उपयोग पर रोक लगा दी है।

**तम्बाकू पर रोक, पर ढाक के तीन पात**

स्कूल परिसर के आसपास तम्बाकू उत्पादों पर रोक है। लेकिन खानापूर्ति वाले निरीक्षण और जब्ती के बाद भी इन तम्बाकू के उत्पादों की बिक्री होती है।

## सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक जनवरी में करें बीमा का दावा

**NEXT।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा 1अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले राजकीय कर्मचारियों की 1 अप्रैल, 2025 को परिपक्व हो रही राज्य बीमा पॉलिसी का भुगतान किया जाएगा।

राज्य बीमा एवं प्रावधायी विभाग के संयुक्त निदेशक महीपाल मोटसरा ने बताया कि बीमेदारों को जनवरी के प्रथम सप्ताह तक एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर अपनी एस.एस.ओ. से ऑनलाइन दावा सबमिट करना होगा एवं आवश्यक दस्तावेज बीमा रिकॉर्ड बुक, पॉलिसी बॉण्ड एवं पदस्थापन का विवरण अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि दावा ऑनलाईन सबमिट करने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए दूरभाष से कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

## गोदारा ने मूंगफली खरीद केंद्र का दौरा किया, आभार जताया

**NEXT।** कांग्रेस नेता केसराराम गोदारा ने मंगलवार सुबह समर्थन मूल्य के खरीद केंद्र का दौरा किया। गोदारा की उपस्थिति और पहल से किसानों को सहूलियत मिलने पर कई किसानों ने उनका आभार व्यक्त किया। गोदारा ने बताया कि तुलाई शुरू होने से किसानों को राहत मिली।

## बालिकाएं अधिकारों के साथ कर्त्तव्य के प्रति जागरूक हो

### तालुका विधिक सेवा समिति ने बालिकाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया



**NEXT।** श्रीडूंगरगढ़ के वसुंधरा नगर में स्थित सृजन पब्लिक स्कूल में तालुका विधिक सेवा समिति श्रीडूंगरगढ़ द्वारा मानवाधिकार पर एक संवाद कार्यक्रम शिक्षाविद लीलाधर सारस्वत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सारस्वत ने कहा कि आज समाज में बालिकाओं को शिक्षा में आगे आने के साथ ही व्यवहार कुशल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा बालिका अगर असहज महसूस करे तो अपने परिजनों और गुरुजनों को जरूर बताएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट सत्यनारायण प्रजापत ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित होकर अपने मानवाधिकार हनन का विरोध करना चाहिए और कर्त्तव्यों के प्रति भी जागरूक होना चाहिए। प्रजापत ने कहा कि न्यायालय में विधिक सेवा समिति बनी हुई है जहां निर्धन को भी न्याय मिल सकता है। बार संघ मीडिया प्रभारी एडवोकेट पुखराज तेजी ने कहा कि सभी को मानवाधिकार के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। न्यायालय के अभियोजन अधिकारी सपन कुमार ने बताया कि महिलाएं घरेलू हिंसा की शिकायत न्यायालय में कर सकती हैं और विधिक सेवा में नि:शुल्क वकील खड़ा कर सकती हैं। इस दौरान बच्चों से संवाद किया। तालुका विधिक समिति के सचिव जगदीश व अधिवक्ता जयप्रकाश मीणा ने बेड टच - गुड टच के बारे में बताया। शाला के प्रिंसिपल प्रमोद सारस्वत ने आभार व्यक्त किया।

## साइबर जागरूकता एपिसोड- 05, ओटीपी फ्रॉड सतर्क रहें, सुरक्षित रहें


साइबर क्राइम दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखें ताकि ऐसे स्कैम से बचा जा सके।

आज हम जानेंगे फर्जी ओटीपी के बारे में, जिसके चंगुल में फँसकर व्यक्ति अपना पैसा गंवा देता है।

तो जुड़े रहें NEXT के साथ।

**ओटीपी फ्रॉड क्या है?**

साइबर अपराधी किसी व्यक्ति को कॉल करके उससे ओटीपी मांगता है और फिर उसके फोन का एक्सिस चुराकर रुपये हड़पता है।




**कैसे अंजाम देते हैं?**

इसमें साइबर अपराधी सामने वाले के फोन पर एक ओटीपी भेजते हैं। वो कहते हैं कि "सर आपको आईआरसीटीसी से एक रिफंड का ओटीपी आया है। सर आपको यात्रा के टिकट कन्फर्म का ओटीपी आया है। सर आपके पास रिफंड का लिंक आया होगा।"

ऐसी कई बातें करके सामने वाले व्यक्ति के फोन का एक्सिस ले लेते हैं और फिर साइबर अपराध को अंजाम देते हैं।

## स्वेटर पाकर खिले छोटे बच्चे के चेहरे



**NEXT।** श्रीडूंगरगढ़ के बाना गांव की राजकीय प्राथमिक विद्यालय खिंयानी जोहड़ में 30 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किया गया। इस कड़ाके की ठंड में विद्यालय स्टाफ द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित करने से बच्चों के चेहरे खिलखिला उठे। प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश बाना ने कहा कि सर्दी की सीजन में बच्चों को स्वेटर मिलने से सर्दी में बच्चों को स्कूल आने में परेशानी नहीं होगी।

## जहरीले दानों से मोरों के घायल होने की आशंका, उपचार जारी

**NEXT।** श्रीडूंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के पास 4मोर घायल अवस्था में मिले। मौके पर सेवादार गणेश सिंह ने वन विभाग और डॉक्टर को फोन किया और वहां से 3मोर को वन विभाग कार्यालय लेकर आये। एक मोर को श्वान द्वारा पहले ही ले जाया चुका था। सेवादार सत्यनारायण टाक ने बताया कि डॉक्टर को प्रथम दृष्टया जहरीले दाने से मोर के बेशुध होने की आशंका है। मोरों की हालत पक्षाघात जैसी है। हालांकि डॉक्टर की टीम ने इलाज शुरू कर दिया है।

## 15 वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार, जवान अजीत की अहम भूमिका

**NEXT।** बीकानेर पुलिस ने 15वर्षों से फरार स्थायी वारंटी हरीश श्रीवास्तव को मुम्बई से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आईजी ओमप्रकाश व एसपी कावेंद्र सिंह के निर्देशन में एएसपी सौरभ तिवाड़ी व सीओ विशाल जांगिड़ के सुपरविजन में सदर थानाधिकारी कुलदीप सिंह द्वारा एक टीम का गठन किया गया। इस टीम में साइबर एक्सपर्ट एएसआई दीपक यादव के साथ श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाने में अपनी सेवाएं दे चुके अजीत कुमार के और कॉन्स्टेबल गिरधर दान भी शामिल थे। टीम द्वारा भगौड़े के विरुद्ध सूचना संकलन की गई और मुम्बई से वारण्टी हरीश श्रीवास्तव पुत्र कांता प्रसाद को गिरफ्तार किया।

## शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग, बाना ने लिखा पत्र

**NEXT।** श्रीडूंगरगढ़ के राउमावि, मणकरासर में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए पीसीसी सदस्य हरीराम बाना ने राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री, प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं जिला कलक्टर को पत्र लिखा है। बाना ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षकों के पद रिक्त होने से छात्र- छात्राओं को अध्ययन संम्बन्धित कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मांग को लेकर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों में भंयकर आकोश व्याप्त है। छात्र-छात्राओं के अध्ययन में हो रही परेशानी को देखते हुए शीघ्र ही विद्यालय में रिक्त पदों को भरे जाएं , जिससे छात्र छात्राओं को अध्ययन में लाभ मिल सकें।